futuretopper.in

Series : EF5HG

SET ~ 2

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/5/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SCIENCE

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 80
Maximum Marks : 80

नोट / NOTE ~

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।
Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **37** questions.

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* **37** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रश्न-पत्र* ***छः*** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ, ङ*** *एवं* ***च*** *।*

(iii) ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* **1** *से* **20** *बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है।*

(iv) ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* **21** *से* **24** *अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **2** *अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर* **40** *शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(v) ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* **25** *से* **29** *लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **3** *अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर* **60** *शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(vi) ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* **30** *से* **33** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **5** *अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर* **120** *शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

(vii) ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* **34** *से* **36** ***केस-आधारित/स्रोत-आधारित*** *प्रश्न हैं, जिनमें* **3** *उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* **4** *अंकों का है।*

(viii) ***खण्ड च*** *– प्रश्न संख्या* **37** ***मानचित्र कौशल आधारित*** *प्रश्न है, जिसमें* ***दो*** *भाग हैं –* **37 (a)** *इतिहास (***2** *अंक) और* **37 (b)** *भूगोल (***3** *अंक)। इस प्रश्न के कुल* **5** *अंक हैं।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **37** questions. **All** questions are compulsory.*

(ii) *Question paper is divided into **SIX** sections – **Section A**, **B**, **C**, **D**, **E** and **F**.*

(iii) ***Section A** – Question number **1** to **20** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** – Question number **21** to **24** are Very Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should not exceed **40** words.*

(v) ***Section C** – Question number **25** to **29** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions should not exceed **60** words.*

(vi) ***Section D** – Question number **30** to **33** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions should not exceed **120** words.*

(vii) ***Section E** – Question number **34** to **36** are **Case-based/Source-based** questions with **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) ***Section F** – Question number **37** is **Map Skill based** question with **two** parts – **37(a)** History (**2** marks) and **37(b)** Geography (**3** marks). This question carries total **5** marks.*

(ix) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

खण्ड – क

(बहुविकल्पीय प्रश्न) **(20 × 1 = 20)**

1. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से दिए गए विकल्पों में से कृषि फसल की पहचान कीजिए :

I.	200 सेमी से अधिक वर्षा और 25 °C से अधिक तापमान की आवश्यकता होती है ।
II.	प्रमुख रूप से उद्योगों में कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होती है ।
III.	प्रमुख रूप से भूमध्य रेखीय क्षेत्र की फसल है ।

विकल्प :

(A) कपास (B) रबड़

(C) मूँगफली (D) सरसों

2. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

	स्तंभ-I (बाँध)		**स्तंभ-II (नदी)**
a.	सरदार सरोवर	i.	महानदी
b.	सलाल	ii.	चंबल
c.	गाँधी सागर	iii.	नर्मदा
d.	हीराकुड	iv.	चिनाब

विकल्प :

(A) a-ii b-i c-iv d-iii

(B) a-iii b-iv c-i d-ii

(C) a-iii b-iv c-ii d-i

(D) a-i b-iii c-iv d-ii

3. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

_____, जल संग्रहण के लिए 11वीं शताब्दी में बनाई गई कृत्रिम झील है ।

(A) सांभर झील (B) वूलर झील

(C) भोपाल झील (D) चिल्का झील

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

SECTION – A

(Multiple Choice Questions) **(20 × 1 = 20)**

1. With the help of following information identify the agricultural crop from the given options :

I.	It requires more than 200 cm. rainfall and temperature above 25 °C.
II.	It is mainly used as raw material in industries.
III.	It is primarily a crop of the equatorial region.

Option :

(A) Cotton (B) Rubber

(C) Groundnut (D) Mustard

2. Match Column-I with Column-II and choose the correct option :

	Column-I (Dam)		**Column-II (River)**
a.	Sardar Sarovar	i.	Mahanadi
b.	Salal	ii.	Chambal
c.	Gandhi Sagar	iii.	Narmada
d.	Hirakud	iv.	Chenab

Option :

(A) a-ii b-i c-iv d-iii

(B) a-iii b-iv c-i d-ii

(C) a-iii b-iv c-ii d-i

(D) a-i b-iii c-iv d-ii

3. Choose the correct option to fill the blank.

An artificial lake built in the 11th century for water conservation is _____.

(A) Sambhar Lake (B) Wular Lake

(C) Bhopal Lake (D) Chilka Lake

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

4. सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए :

(A) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान – हिमाचल प्रदेश

(B) सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान – केरल

(C) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान – राजस्थान

(D) मानस बाघ रिज़र्व – असम

5. नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

कच्चे तेल के अतिरिक्त भण्डार

क्षेत्र/देश	**भण्डार (2017) (हजार मिलियन बैरल)**	**भण्डारों के चलने की अवधि (वर्षों में)**
मध्य–पूर्व	808	70
संयुक्त राज्य अमरीका	50	10.5
विश्व औसत	1697	50.2

तालिका के निम्नलिखित संभावित परिणामों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. कच्चे तेल का दोहन यदि वर्तमान गति से हुआ तो लगभग 50 वर्षों में ही यह समाप्त हो सकता है ।

II. मध्य–पूर्व के देशों में इसकी समाप्ति में विश्व के औसत से अधिक समय लग सकता है ।

III. भविष्य में कच्चे तेल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए इसके पुन:चक्रण और पुन:उपयोग की नीति अपनानी होगी ।

IV. संयुक्त राज्य अमेरिका में तो कच्चा तेल लगभग 10 वर्षों में ही समाप्त होने की संभावना है ।

विकल्प :

(A) केवल I, III और IV सही हैं ।

(B) केवल I, II और III सही हैं ।

(C) केवल II, III और IV सही हैं ।

(D) केवल I, II और IV सही हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

4. Choose the correctly matched pair :

(A) Corbett National Park – Himachal Pradesh

(B) Sunderban National Park – Kerala

(C) Bandhavgarh National Park – Rajasthan

(D) Manas Tiger Reserve – Assam

5. Study the given table and answer the question that follows :

CRUDE OIL RESERVES

Region/Country	Reserves (2017) (Thousand Million Barrels)	Number of Years Reserves will last
Middle East	808	70
United States of America	50	10.5
World Average	1697	50.2

Read the following possible outcomes from the table and choose the correct option :

I. If crude oil continues to be extracted at the present pace, it would be exhausted in about 50 years.

II. In Middle Eastern Countries it may take longer than average of the world.

III. To ensure the availability of crude oil in future, its reuse and recycle policy should be adopted.

IV. In United States of America, Crude oil is likely to run out in just about 10 years.

Option :

(A) Only I, III and IV are correct.

(B) Only I, II and III are correct.

(C) Only II, III and IV are correct.

(D) Only I, II and IV are correct.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

6. 18वीं शताब्दी के दौरान अंग्रेजी भाषा के प्रेस की धीमी गति के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से उपयुक्त कारण की पहचान कीजिए :

(A) क्षेत्रीय प्रेस पर ब्रिटिश सरकार के प्रतिबंध

(B) अंग्रेजी प्रेस का व्यावसायिक दृष्टिकोण से काम करना

(C) बाजार में क्षेत्रीय प्रेस की माँग में वृद्धि

(D) प्रेस में तर्क और तर्कसंगतता की प्रामाणिकता का न होना

7. उन्नीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों में निम्नलिखित में से किस खाद्य पदार्थ के उत्पादन ने यूरोप के गरीब लोगों की जिंदगी में आमूल परिवर्तन किया ?

(A) टमाटर (B) आलू

(C) सोया (D) मूँगफली

8. 18वीं शताब्दी में अमेरिका से निर्यात किए गए कपास और चीनी मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस बाजार के लिए थे ?

(A) अमेरिका के बाजारों के लिए (B) यूरोप के बाजारों के लिए

(C) एशिया के बाजारों के लिए (D) ऑस्ट्रेलिया के बाजारों के लिए

9. 'नेपोलियन की संहिता' से संबंधित निम्नलिखित तथ्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. जन्म पर आधारित विशेषाधिकार को समाप्त करना ।

II. कानून के समक्ष समानता स्थापित करना ।

III. संपत्ति के अधिकार को सुरक्षित बनाना ।

IV. किसानों पर जागीरदारी शुल्क लगाना ।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं ।

(B) केवल II, III और IV सही हैं ।

(C) केवल I, II और IV सही हैं ।

(D) केवल I, III और IV सही हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

6. Identify the appropriate reason for the slow growth of the English Language Press during the 18th century from the following options :

(A) Restriction of British government on the regional press

(B) English Press worked on commercial perspectives

(C) Increase in the demand for the regional press in the market

(D) Reason and rationality were not prominent in press

7. In the early years of the 19th century the production of which of the following food items brought about a fundamental change in the lives of poor people in Europe ?

(A) Tomato (B) Potato

(C) Soya (D) Groundnut

8. For which of the following markets were cotton and sugar primarily exported from America in the 18th Century ?

(A) For American Market (B) For European Market

(C) For Asian Market (D) For Australian Market

9. Read the following facts related to 'Napoleonic Code' carefully and choose the correct option :

I. Abolition of privileges based on birth.

II. Establishing equality before the law.

III. Securing property rights.

IV. Imposing manorial dues on the peasants.

Option :

(A) only I, II and III are correct.

(B) only II, III and IV are correct.

(C) only I, II and IV are correct.

(D) only I, III and IV are correct.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

10. नीचे दो कथन-I और II दिए गए हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

कथन-I : वर्तमान समय में कंप्यूटर और इंटरनेट के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी द्रुत गति से परिवर्तित हो रही है ।

कथन-II : इंटरनेट से हम तत्काल इलेक्ट्रॉनिक डाक (ई-मेल) भेज सकते हैं और अत्यन्त कम मूल्य पर विश्वभर में बात (वॉयस मेल) कर सकते हैं ।

विकल्प :

(A) केवल I गलत है, लेकिन II सही है ।

(B) केवल I सही है, लेकिन II गलत है ।

(C) I और II दोनों सही हैं लेकिन II, I की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) I और II दोनों सही हैं और II, I की सही व्याख्या है ।

11. 'आवश्यकता के दोहरे संयोग' की समस्या का समाधान निम्नलिखित में से किसके द्वारा संभव है ?

(A) मुद्रा का प्रचलन बढ़ाकर

(B) बाजारों के क्षेत्र में विस्तार करके

(C) लोगों में जागरूकता पैदा करके

(D) क्रेता-विक्रेता का रजिस्ट्रेशन करके

12. श्यामल एक छोटा किसान है । श्यामल ने अपना 'किसान कार्ड' बनवा रखा है । उसे नई फसल उगाने के लिए ऋण की आवश्यकता है । इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सा साधन आसान एवं लाभकारी होगा ?

(A) सहकारी बैंक

(B) कृषि व्यापारी

(C) रिश्तेदार

(D) मित्र

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

10. Two Statements-I and II are given below. Read both the statements and choose the correct option.

Statement-I : In recent times technology in the areas of computer and internet has been changing rapidly.

Statement-II : Internet allows us to send instant electronic mail (e-mail) and talk (voice-mail) across the world at negligible costs.

Option :

(A) Only I is false but II is true.

(B) Only I is true but II is false.

(C) Both I and II are true but II is not the correct explanation of I.

(D) Both I and II are true and II is the correct explanation of I.

11. The problem of 'Double Coincidence of Wants' can be solved by which of the following ?

(A) By increasing the circulation of currency

(B) By expanding the scope of markets

(C) By creating awareness amongst people

(D) By registering the buyer and seller

12. Shyamal is a small farmer. Shyamal has got his 'Kisan Card' made. He needs a loan to grow new crops. Which of the following means will be easy and beneficial for this ?

(A) Cooperative Bank

(B) Agricultural Traders

(C) Relatives

(D) Friends

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. दिए गए चित्र को देखिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :



भारतीय मजदूरों द्वारा निर्मित कारें, बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा विदेशों में बिक्री के लिए लादी जा रही हैं।

चित्र में होने वाला कार्य अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में आता है ?

(A) प्राथमिक (B)1

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर है।

सूती वस्त्र उद्योग में होने वाला कार्य अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में आता है ?

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

14. राखी ने अपने क्षेत्र का आर्थिक सर्वे किया है। सर्वे से पता चला कि लोग अलग-अलग कार्य करके अपनी आजीविका चलाते हैं। इसके लिए राखी ने जो तालिका बनाई उसको नीचे दिया गया है। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

क्र.सं.	कार्य	लोगों की संख्या
1.	अपने खेत में कार्य करने वाले कृषक	250
2.	विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक	10
3.	अपने घर में काम करने वाले बुनकर	70
4.	एक बड़े कारखाने में कार्य करने वाले श्रमिक	140
5.	क्षेत्र के एक अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारी	60
	कुल	**530**

असंगठित क्षेत्र में कुल कितने लोग कार्यरत हैं ?


(A) 380 (B) 210

(C) 320 (D) 140

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. Look at the given picture and answer the question that follows :



Cars made by Indian workers being transported to be sold abroad by MNCs.

The work being done in the picture falls in which sector of the economy ?

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

Note : Following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of question no. 13 :

The work done in the cotton textile industry falls under which sector of the economy ?

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

14. Rakhi has done an economic survey of her area. The survey has revealed that people earn their livelihood by doing different jobs. The table prepared by Rakhi for this is given below. Study the table carefully and answer the question that follow :

S.N.	Work	No. of People
1.	Farmer working his fields	250
2.	Teachers teaching in school	10
3.	Handloom weavers in his/her house	70
4.	Workers working in big factories	140
5.	Employees working at a hospital in the area	60
	Total	**530**

How many people are working in the unorganised sector ?

(A) 380 (B) 210

(C) 320 (D) 140

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

15. निम्नलिखित में से किस देश का मानव विकास सूचकांक का क्रमांक उच्च है ?

(A) पाकिस्तान (B) म्यांमार

(C) भारत (D) नेपाल

16. भारत में राजनीतिक दलों की भूमिका के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

I. देश के लिए कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाना ।

II. देश में विभिन्न हित समूहों का निर्माण करना ।

III. देश में जनमत निर्माण में भूमिका निभाना ।

IV. विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों को मतदाताओं के सम्मुख रखना ।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं ।

(B) केवल I, III और IV सही हैं ।

(C) केवल II, III और IV सही हैं ।

(D) केवल I, II और IV सही हैं ।

17. भारतीय संविधान की समवर्ती सूची से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) विवाह, मुद्रा, वाणिज्य (B) प्रतिरक्षा, बैंकिंग, शिक्षा

(C) कृषि, व्यापार, सिंचाई (D) शिक्षा, वन, विवाह

18. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

बेल्जियम के नेताओं ने श्रीलंका से अलग रास्ता अपनाने का फैसला किया । उन्होंने क्षेत्रीय अंतरों और _____ को स्वीकार किया ।

(A) धार्मिक विविधता (B) ऐतिहासिक विविधता

(C) सांस्कृतिक विविधता (D) प्रशासनिक विविधता

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

15. Which one of the following countries has a high 'Human Development Index' score ?

(A) Pakistan
(B) Myanmar
(C) India
(D) Nepal

16. Which of the following statements are correct related to the role of political parties in India ?

I. Play a decisive role in making laws for the country.
II. Making different interest groups in the country.
III. Play a role for shaping public opinion in the country.
IV. Pulling forward different policies and programmes before voters.

Option :

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only I, III and IV are correct.
(C) Only II, III and IV are correct.
(D) Only I, II and IV are correct.

17. Choose the correct option related to concurrent list of the Indian Constitution.

(A) Marriage, Currency, Commerce
(B) Defence, Banking, Education
(C) Agriculture, Trade, Irrigation
(D) Education, Forest, Marriage

18. Choose the correct option to fill the blank.

The Belgian leaders took a different path than Sri Lanka. They recognised the existence of regional differences and _____.

(A) Religious diversities
(B) Historical diversities
(C) Cultural diversities
(D) Administrative diversities

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

19. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

स्तंभ-I (आणविक ऊर्जा संयंत्र)		**स्तंभ-II (राज्य)**	
a.	काकरापारा	i.	राजस्थान
b.	रावतभाटा	ii.	कर्नाटक
c.	कैगा	iii.	महाराष्ट्र
d.	तारापुर	iv.	गुजरात

विकल्प :

(A) a-i b-ii c-iii d-iv

(B) a-ii b-iii c-iv d-i

(C) a-iv b-i c-ii d-iii

(D) a-iv b-i c-iii d-ii

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

अभिकथन (A) : पहाड़ियों के आधार तथा घाटी तल की रेत में जलोढ़ जमाव के रूप में कुछ खनिज पाए जाते हैं ।

कारण (R) : ये ऐसे खनिज होते हैं जो प्राय: जल द्वारा घर्षित नहीं होते हैं ।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

19. Match Column-I with Column-II and choose the correct option :

Column-I (Atomic Power Plants)		Column-II (State)	
a.	Kakrapara	i.	Rajasthan
b.	Rawat Bhata	ii.	Karnataka
c.	Kaiga	iii.	Maharashtra
d.	Tarapur	iv.	Gujarat

Option :

(A) a-i b-ii c-iii d-iv

(B) a-ii b-iii c-iv d-i

(C) a-iv b-i c-ii d-iii

(D) a-iv b-i c-iii d-ii

20. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements and choose the correct option.

Assertion (A) : Certain minerals may occur as alluvial deposits in sands of valley floors and the base of hills.

Reason (R) : These are usually minerals, that are not corroded by water.

Option :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

खण्ड – ख (4 × 2 = 8)

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. भारत में उदारीकरण ने किस प्रकार वैश्वीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया ? व्याख्या कीजिए । 2

22. जलोढ़ मृदा की दो मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 2

23. महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए । 2

24. (a) 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में देश को एकजुट करने के लिए 'नमक' किस प्रकार एक शक्तिशाली हथियार बन गया ? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । 2

अथवा

(b) औपनिवेशिक सरकार ने किस प्रकार 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' का दमन किया ? व्याख्या कीजिए । 2

खण्ड – ग (5 × 3 = 15)

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

25. भारत में राजनीतिक दलों के समक्ष तीन प्रमुख चुनौतियों की व्याख्या कीजिए । 3

26. भारत में ऋण के अनौपचारिक स्रोतों की तुलना में औपचारिक स्रोत क्यों लाभदायक हैं ? कोई तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए । 3

27. "भारत में संगठित क्षेत्रक के कर्मचारियों को रोजगार–सुरक्षा के लाभ मिलते हैं ।" उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की परख कीजिए । 3

28. भारत में सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण का विश्लेषण कीजिए । 3

29. (a) आर्थिक मोर्चे पर असहयोग आंदोलन के तीन प्रमुख प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । 3

अथवा

(b) असहयोग आंदोलन शहरों में क्यों धीमा पड़ने लगा था ? तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए । 3

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

SECTION – B (4 × 2 = 8)

(Very Short Answer Type Questions)

21. How did liberalization promote the process of globalization in India ? Explain. **2**

22. Describe two main characteristics of 'Alluvial Soil'. **2**

23. Suggest any two measures to prevent violence against women. **2**

24. (a) How did 'salt' become a powerful weapon to unite the country in the 'Civil Disobedience Movement' ? Explain any two causes. **2**

OR

(b) How did the colonial government suppress the 'Civil Disobedience Movement' ? Explain. **2**

SECTION – C (5 × 3 = 15)

(Short Answer Type Questions)

25. Explain three major challenges before Political Parties in India. **3**

26. Why are formal sources more beneficial than informal sources of credit in India ? Explain by giving any three arguments. **3**

27. "In India, workers in the organised sector enjoy security of employment." Examine the statement by giving appropriate arguments. **3**

28. Analyse the vertical division of power in India. **3**

29. (a) Analyse three main impacts of Non-Cooperation Movement on the economic front. **3**

OR

(b) Why did the Non-Cooperation Movement start slowing down in the cities ? Analyse three causes. **3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड – घ (4 × 5 = 20)

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

30. (a) 1871 में बाल्कन क्षेत्र का तनाव किस प्रकार प्रथम विश्व युद्ध का प्रमुख कारण बना ? व्याख्या कीजिए । **5**

अथवा

(b) 1830 के दशक में ज्युसेपे मेत्सिनी द्वारा एकीकृत इतालवी गणराज्य के लिए प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की व्याख्या कीजिए । **5**

31. (a) विकास के सामाजिक एवं आर्थिक लक्ष्यों का विश्लेषण कीजिए । **2 + 3 = 5**

अथवा


(b) वर्तमान समय में विकास की धारणीयता का प्रश्न चुनौतीपूर्ण क्यों होता जा रहा है ? उपयुक्त कारणों का विश्लेषण कीजिए । **5**

32. (a) भारत में आर्थिक असमानताओं को कम करने में लोकतंत्र की भूमिका की व्याख्या कीजिए । **5**

अथवा

(b) नागरिकों की गरिमा स्थापित करने में लोकतंत्र की भूमिका की व्याख्या कीजिए । **5**


33. (a) दिए गए फ्लो चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए : **5**



उपर्युक्त फ्लो चार्ट के आधार पर वस्त्र उद्योग में अतिरिक्त मूल्य उत्पाद की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

(b) दिए गए फ्लो चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए : **5**



उपर्युक्त फ्लो चार्ट के आधार पर इस्पात निर्माण प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

SECTION – D (4 × 5 = 20)
(Long Answer Type Questions)

30. (a) How did the tension in the Balkans region in 1871 become the major cause of the First World War ? Explain. **5**

OR

(b) Explain the programme for a unified Italian republic put forward by the Giuseppe Mazzini in the decade of 1830. **5**

31. (a) Analyse the social and economic goals of development. **2 + 3 = 5**

OR


(b) Why is the question of sustainability of development becoming challenging in the present times ? Analyse the appropriate reasons. **5**

32. (a) Explain the role of democracy in reducing economic inequalities in India. **5**

OR

(b) Explain the role of democracy in establishing the dignity of citizens. **5**


33. (a) Study the given flow chart and answer the question that follows : **5**



Explain the added value product in the textile industry on the bases of above flowchart.

OR

(b) Study the given flowchart and answer the question that follows : **5**



Explain the steel manufacturing process on the bases of the above flowchart.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

खण्ड – ङ (3 × 4 = 12)

(केस/स्रोत-आधारित प्रश्न)

34. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

राज्य पुनर्गठन आयोग

राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट को 1 नवंबर, 1956 को लागू किया गया था । अपने दौर में और अपने तरीके से इसने राष्ट्र के राजनीतिक और संस्थागत जीवन को एकदम बदल दिया था.... गाँधीजी और अन्य नेताओं ने अपने अनुयायियों से वादा किया था कि जब मुल्क आज़ाद होगा तो इस नए देश में नए प्रांत बनेंगे और भाषा के आधार पर प्रांतों का पुनर्गठन किया जाएगा । पर जब 1947 में मुल्क आज़ाद हुआ तो इसका बँटवारा भी हो गया...

बहरहाल, भारत की एकता को कमज़ोर करने की जगह भाषा के आधार पर गठित राज्यों ने इसकी एकता को मज़बूत करने में मदद की है । एक व्यक्ति कन्नड़ और भारतीय या बंगाली और भारतीय अथवा तमिल और भारतीय या गुजराती और भारतीय जैसी दो-दो पहचानों के साथ आसानी से जीता है ।

(34.1) गाँधीजी ने अपने अनुयायियों से क्या वादा किया था ? 1

(34.2) भाषा ने किस प्रकार भारत की एकता को मजबूत किया ? 1

(34.3) केरल एवं आंध्रप्रदेश राज्यों की प्रमुख भाषा का नाम उल्लेख कीजिए । 2

35. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि

यह 'कर्तन दहन प्रणाली' (slash and burn) कृषि है । किसान जमीन के टुकड़े साफ करके उन पर अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए अनाज व अन्य खाद्य फसलें उगाते हैं । जब मृदा की उर्वरता कम हो जाती है तो किसान उस भूमि के टुकड़े से स्थानांतरित हो जाते हैं और कृषि के लिए भूमि का दूसरा टुकड़ा साफ करते हैं । कृषि के इस प्रकार के स्थानांतरण से प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ जाती है । चूँकि किसान उर्वरक अथवा अन्य आधुनिक तकनीकों का प्रयोग नहीं करते, इसलिए इस प्रकार की कृषि में उत्पादकता कम होती है । देश के विभिन्न भागों में इस प्रकार की कृषि को विभिन्न नामों से जाना जाता है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

SECTION – E (3 × 4 = 12)

(Case/Source Based Questions)

34. Read the given source and answer the questions that follow : 4

State Reorganisation Commission

"The report of the States Reorganisation Commission (SRC), was implemented on November 1, 1956. This, in its own time and own way, has also transformed the political and institutional life of the nation. ... Gandhi and other leaders promised their followers that when freedom came, the new nation would be based on a new set of provinces, these based on the principle of language. However, when India was finally free in 1947, it was also divided...

Far from undermining Indian unity, linguistic states have helped strengthen it. It has proved to be perfectly consistent to be Kannadiga and Indian, Bengali and Indian, Tamil and Indian, Gujarati and Indian. To be sure, these states based on language sometimes quarrel with one another.

(34.1) What promise did Gandhiji make to his followers ? 1

(34.2) How did language strengthen the unity of India ? 1

(34.3) Mention the names of major language of Kerala and Andhra Pradesh states. 2

35. Read the given source and answer the questions that follow : 4

Primitive Subsistence Farming

It is a 'slash and burn' agriculture. Farmers clear a patch of land and produce cereals and other food crops to sustain their family. When the soil fertility decreases, the farmers shift and clear a fresh patch of land for cultivation. This type of shifting allows Nature to replenish the fertility of the soil through natural processes; land productivity in this type of agriculture is low as the farmer does not use fertilisers or other modern inputs. It is known by different names in different parts of the country.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

उत्तर-पूर्वी राज्यों असम, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में इसे 'झूम' कहा जाता है; मणिपुर में पामलू (pamlou) और छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में इसे 'दीपा' कहा जाता है।

(35.1) 'कर्तन दहन प्रणाली' कृषि के किस प्रकार के अंतर्गत आती है ? **1**

(35.2) 'कर्तन दहन प्रणाली' में उत्पादकता कम क्यों होती है ? **1**

(35.3) कृषि की 'कर्तन दहन प्रणाली' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **2**

36. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

यूरोप की पहली छपी किताब, गुटेन्बर्ग की बाइबिल से कुछ पन्ने।

गुटेन्बर्ग ने कुल 180 प्रतियाँ छापी थीं, पर उनमें से 50 ही बच पाई हैं। आइए गुटेन्बर्ग की बाइबिल के इन पन्नों को ध्यान से देखें। ये केवल नयी तकनीक की देन नहीं थे। इन्हें गुटेन्बर्ग प्रेस की धातुई टाइप से छापा जरूर गया था, पर इनके हाशिए पर कलाकारों ने हाथ से टीकाकारी और सुघड़ चित्रकारी की थी। कोई दो प्रतियाँ एक-जैसी नहीं थीं। हर प्रति का हर पन्ना अलग था। जहाँ पहली नज़र में वे एक-जैसे लगे भी, गौर से तुलना करने पर फ़र्क़ पता चल जाएगा। हर जगह पर कुलीन तबक़ों ने इस विशिष्टता को पसंद किया। जो उनके पास था, वह अनोखा था, वे यह दावा कर सकते थे, क्योंकि किसी और के पास उसकी हू-ब-हू नक़ल नहीं थी।

आप इबारत में देखेंगे कि कई जगहों पर अक्षरों के अंदर रंग भरे गए हैं। इसके दो फ़ायदे थे। पन्ना रंगीन हो जाता था, और साथ ही सारे पवित्र शब्द ज़्यादा दर्शनी और महत्त्वपूर्ण बन जाते थे। लेकिन हर पन्ने पर रंग हाथ से भरे जाते थे। गुटेन्बर्ग ने इबारत या पाठ को काले में छापा और बाद में रंग भरे जाने के लिए जगह छोड़ दी।

(36.1) मुद्रण के क्षेत्र में गुटेन्बर्ग के योगदान का उल्लेख कीजिए। **1**

(36.2) किताबों के हाशिए पर टीकाकारी और चित्रकारी किस प्रकार की जाती थी ? **1**

(36.3) अक्षरों में रंग भरने के किन्हीं दो लाभों का वर्णन कीजिए। **2**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

It is *jhumming* in north-eastern states like Assam, Meghalaya, Mizoram and Nagaland; Pamlou in Manipur, Dipa in Bastar district of Chhattisgarh, and in Andaman and Nicobar Islands.

(35.1) 'Slash and Burn' system of agriculture comes under which type of farming ? **1**

(35.2) Why is productivity low in 'Slash and Burn' system ? **1**

(35.3) Describe any two features of 'Slash and Burn' system of agriculture. **2**

36. Read the given source and answer the questions that follow : **4**

Pages of Gutenberg's Bible, the first printed book in Europe.

Gutenberg printed about 180 copies, of which no more than 50 have survived.

Look at these pages of Gutenberg's Bible carefully. They were not just products of new technology. The text was printed in the new Gutenberg press with metal type, but the borders were carefully designed, painted and illuminated by hand by artists. No two copies were the same. Every page of each copy was different. Even when two copies look similar, a careful comparison will reveal differences. Elites everywhere preferred this lack of uniformity: what they possessed then could be claimed as unique, for no one else owned a copy that was exactly the same.

In the text you will notice the use of colour within the letters in various places. This had two functions : it added colour to the page, and highlighted all the holy words to emphasise their significance. But the colour on every page of the text was added by hand. Gutenberg printed the text in black, leaving spaces where the colour could be filled in later.

(36.1) Mention the contribution of Gutenberg in the field of printing. **1**

(36.2) How were the books borders painted and illuminated ? **1**

(36.3) Describe any two benefits of colouring in the letters. **2**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

खण्ड – च (2 + 3 = 5)

(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)

37. (a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थानों 'A' और 'B' को अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके समीप खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : $2 \times 1 = 2$

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

B. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था ।

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37(a) के स्थान पर हैं । $2 \times 1 = 2$

37. (a) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसंबर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था ।

37. (b) भारत के इसी रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए : $3 \times 1 = 3$

(i) चावल उत्पादन में अग्रणी राज्य

(ii) तमिलनाडु स्थित कोयले की खानें

(iii) कर्नाटक स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(iv) महाराष्ट्र स्थित तेल क्षेत्र

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

SECTION – F (2 + 3 = 5)

(Map Skill Based Questions)

37. (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of following information and write their names on the lines drawn near them :

2 × 1 = 2

A. The place where the session of Indian National Congress was held.

B. The place where Mahatma Gandhi started Satyagraha for indigo peasants.

Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 37(a). **2 × 1 = 2**

37. (a) (i) Name the place where session of Indian National Congress held in December, 1920.

(ii) Name the place where Mahatma Gandhi started Satyagraha for indigo peasants.

37. (b) On the same outline map of India locate and label any **three** of the following with suitable symbols : **3 × 1 = 3**

(i) Leading state in production of rice

(ii) Coal-mines located in Tamil Nadu

(iii) Major sea port located in Karnataka

(iv) Oil field located in Maharashtra

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

~

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37(b) के स्थान पर हैं। $3 \times 1 = 3$

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

37. (b) (i) चावल उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तमिलनाडु में कोयले की खानें स्थित हैं।

(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(iv) महाराष्ट्र स्थित तेल क्षेत्र का नाम लिखिए।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

~

Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 37(b). **3 × 1 = 3**

Attempt any **three** questions :

37. (b) (i) Name the leading state in production of rice.

(ii) Name the place where coal-mines are located in Tamil Nadu.

(iii) Name the place where major sea port is located in Karnataka.

(iv) Name the oil field located in Maharashtra.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

~


Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

यहाँ से काटें Cut Here यहाँ से काटें Cut Here

~

प्रश्न सं. **37** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **37**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

~

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE